प्रेस विज्ञप्ति

मालद्वीप में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्रा ने भारतीय तटरक्षक पोत समर पर मालदीव्स राष्ट्रीय सुरक्षा बल के प्रमुख मेजर जनरल अहमदशियाम को 2000 लीटर पर्यावरण उपयोगी प्रदूषण नियंत्रक डिसपरसेंट प्रदान किया

20 दिसंबर 16 को मालदीव्स में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा तथा मालदीव्स सरकार एवं मालदीव्स राष्ट्रीय सुरक्षा बल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भारतीय तटरक्षक पोत समर पर हुए एक समारोह में भाग लिया, जिसमें एमएनडीएफ के रक्षा बल प्रमुख मेजर जनरल अहमदशियाम को पर्यावरण उपयोगी, प्रदूषण नियंत्रक, 2000 लीटर 'डिसपरसेंट' प्रदान किया गया।

हाल में हुई दुर्घटना, जिसमें मालदीव्स के उपयोगी जल के प्रदूषित होने का खतरा मड़रा रहा था, के पश्चात् इसकी आवश्यकता महसूस हुई । महानिदेशक, भारतीय तटरक्षक, राजेंद्र सिंह द्वारा इस प्रदूषण नियंत्रक डिसपरसेंट को विशेष रूप से मालदीव्स भेजा गया था।

एमएनडीएफ द्वारा, उपलब्ध डिसपरसेंट की खेप को मालदीव्स ले जाया गया तथा तेल बिखराव पर त्वरित छिड़काव किया गया। सीडीएफ ने सामान पहुँचाने के लिए भारतीय तटरक्षक पोत को धन्यवाद दिया। रक्षा राज्य मंत्री मोहम्मद जुहैर, रक्षा बल के उप प्रमुख, ब्रिगेडियर जनरल अहमद शाहिद तथा मालदीव्स तटरक्षक के कमांडेंट, कर्नल मोहम्मद इब्राहीम ने भारतीय तटरक्षक एवं एमएनडीएफ के कार्मिकों के साथ इस अवसर की शोभा बढ़ाई।